मेरठ। हाईस्कूल के 14 भाषाओं के पेपर हुए। जिसमें दो छात्राओं समेत 9 नकल करते हुए पकड़े गए। हालांकि हाईस्कूल और इंटर में मुख्य विषयों की परीक्षा समाप्त हो चुकी है। मंगलवार हाईस्कूल में उर्दू, फारसी,अरबी समेत चौदह भाषाओं में पेपर हुआ। जिसमें 1909 छात्र पंजीकृत थे जिनमें 155 छात्र नदारद मिले। इंटर में कम्प्यूटर विषय की परीक्षा में 947 छात्रों में से 52 छात्र अनुपस्थि रहे। हाईस्कूल की परीक्षा के दौरान दो छात्राओं समेत 9 नकलची पकड़े गये है।

मेरठ, 12 अप्रैल 2010

# काली नदी से बढ़ रहा प्रदूषण

मेरठ। पर्यावरण संरक्षण एवं जल सवंर्धन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही रिसर्च एण्ड रिलीफ सोसायटी ने काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने का बीडा उठाया है। इसके तहत संस्था ने अपने प्रयासों से काली नदी के प्रदूषण के मुद्दे की ओर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरण विशेषज्ञो व संगठनो का ध्यान खीचा हैं। संस्था के प्रयासों से 5 अप्रैल 2009 को अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नीति विश्लेषक देविन्दर शर्मा काली नदी किनारे स्थित खरखौदा ब्लाक के ग्राम भदोली पहुंचे जहां ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक नवीन प्रधान, जितेन्द्र अग्रवाल, कांति प्रसाद, महावीर त्यागी, अल्ला राजी, गिरिश मोहन आदि लोग उपस्थित रहे।

मेरठ मंगलवार, 20 जुलाई 2010 मेरठ

# काली नदी ने हैंडपंप का पानी भी छीना

**राजवंश विहार कॉलोनी पर छाई है काली नदी की काली छाया, यहां के वासियों ने अपने घर छोड़ दिए, बस किराए पर रहने वाले ही हैं बचे**

वरिष्ठ संवाददाता

मेरठ

राधा गोविंद इंजीनियरिंग कॉलेज के बराबर में बसी राजवंश विहार कॉलोनी से काली नदी की दूरी मात्र 200 मीटर है। काली नदी से यही नजदीकी इस कॉलोनी को भारी पड़ रही है। इस कॉलोनी में अंडरग्राउंड वाटर के हालात इस कदर बदतर हैं कि आज की तारीख में यहां के निवासी अपने घरों में रहना भी पसंद नहीं कर रहे हैं। नतीजतन लगभग 250 परिवारों वाली इस कॉलोनी में एक-दो घरों को छोड़कर सभी मकान मालिकों की जगह किराएदारों ने ले ली है। यहां के घरों में हैंडपंप अब मात्र दिखावे की चीज रह गए हैं। यह सारी बात सामने आई काली नदी बचाओ आंदोलन चला रही रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी के अभियान में।

कॉलोनी निवासी दीपक, रामवीर और लीलाराम बताते हैं कि लगभग डेढ़ दशक पहले बसी इस कॉलोनी को आज तक नगर निगम ने वैध का दर्जा नहीं दिया है। नतीजतन यहां के लोगों को मजबूरी में हैंडपंप का पानी ही पीना पड़ता है। लेकिन, यहां का पानी इतना खराब हो चुका है कि थोड़ी देर के लिए किसी बर्तन में रख देने पर उसे भी जंग सरीखे रंग में बदल देता है। लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग लीलाराम बताते हैं कि पिछले एक दशक में यहां के सारे परिवार पलायन कर चुके हैं और अपने मकानों को गरीब लोगों को किराए पर दे चुके हैं। इसके अलावा जिन लोगों ने यहां पर प्लॉट लिए हैं, वे भी नींव भरवाने के बाद मकान बनाने को तैयार नहीं हैं।



■ खराब पड़े हैंडपंप



■ कैमिकल युक्त पानी



■ पानी की समस्या के कारण कॉलोनी के कई लोग घर छोड़ कर चले गये हैं



■ शो-पीस बना ट्रीटमेंट प्लांट



■ खुले पड़े पाइप



■ कॉलोनी में चल रहीं कई फैक्ट्रियां .



■ खाली पड़े प्लॉट

रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी के निदेशक नवीन प्रधान और काली नदी पर सोसाइटी की रिसर्च रिपोर्ट लिखने वाले निपुण कौशिक बताते हैं कि राजवंश विहार में फैली बीमारियों और पानी की हालत देखकर उन्होंने इसका लैब में परीक्षण कराया तो यहां के भूजल में खतरनाक स्तर तक लेड, कैडमियम, क्रोमियम सरीखे हानिकारक तत्व पाए गए। इसके चलते जहां कॉलोनी की 80 प्रतिशत जनसंख्या त्वचा की बीमारियों से ग्रस्त है। वहीं इतनी ही जनसंख्या किडनी, लीवर, आमाशय, नर्वस सिस्टम की बीमारियों के साथ ही टेस्टीकुलर, ब्रेस्ट एवं अन्य प्रकार के कैंसर से भी पीड़ित है।

## कॉलोनी में चल रही रंगाई फैक्ट्रियां भी हैं मुसीबत

राजवंश विहार कॉलोनी में ही चल रही दर्जन भर से अधिक कपड़ा रंगाई फैक्ट्रियां भी यहां के निवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। कॉलोनी वासियों का कहना है कि जहां ये फैक्ट्रियां रंगाई के लिए भारी मात्रा में भूजल का दोहन करती हैं, वहीं इसके बाद निकलने वाले केमिकल युक्त पानी को भी नालियों में न भेजकर जमीन में उतार रही हैं। इन कंपनियों ने दिखावे के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाए हुए हैं। ऐसे ही एक ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी के सदस्यों के साथ 'हिन्दुस्तान टीम' ने भी किया। खुले में बने इस प्लांट के नीचे जमीन में एक टैंक बना हुआ था, जिसमें गंदा पानी भरा हुआ था। इस प्लांट में बने सभी टैंकों के मुंह खुले हुए थे और उनके अंदर किसी भी प्रकार का कोई ट्रीटमेंट उपकरण नहीं लगा हुआ था। उसमें लगे मोटरों से जुड़े पंपों के पाइप भी जमीन के अंदर जा रहे थे। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि यह प्लांट दिखावे के लिए लगे हुए हैं और इनके जरिए पानी साफ करने के बजाय सीधे जमीन में उतारा जा रहा है।

## यह मिला है राजवंश विहार के पानी में

रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी की तरफ से कराई जांच में राजवंश विहार के पानी में लेड की मात्रा 0.15 मिलीग्राम प्रति लीटर है, जबकि यह 0.02 मिग्रा/लीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह कैडमियम 0.01 मिग्रा/लीटर की जगह 0.03 मिलीग्राम प्रति लीटर, क्रोमियम 0.05 की जगह 0.15 मिग्रा/लीटर और आयरन 1 की जगह 5 मिग्रा/लीटर पाया गया।

## एक नजर

### 'गौरा डियर भांग पिला दे' पर थिरकेंगे कांवड़िये

मेरठ। चढ़ गया भाग-धतूरा, गौरा डियर भाग पिला दे, क्यों दूर खड़ी हो गई। कुछ इसी तरह के भोलेनाथ के भजनों पर इस बार कावड़िये थिरकते देखने को मिलेंगे। चार दर्जन से अधिक कावड़ से जुड़े भजनों की सीडी बाजार में आई है। हर साल कावड़ मेले में एक से बढ़कर एक भगवान आशुतोष के भजनों की सीडी बाजारों में उतरती है। इस बार बाजार में कई सीडी मौजूद हैं। इनमें रामअवतार शर्मा और रजनीश शर्मा द्वारा गाए गए भोले के भजन भी हैं। खूनी पुल स्थित शिव शकर इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक मनोज गुप्ता कहते हैं कि अभी दो दर्जन से अधिक कावड़ भजनों की एल्बम बाजारों में और आने की उम्मीद है।

### बस एक सप्ताह और...

मेरठ। कावड यात्रा के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने को डीएम ने सभी संबधित विभागों को एक सप्ताह का समय दिया है। इसमें लापरवाही करने वालो पर कार्रवाई की गाज गिरेगी। बिजली विभाग को कावड मार्गों पर बिजली के जर्जर तारों को बदलने, कावड मार्ग पर पथ प्रकाश की व्यवस्था करने को कहा गया है। सिचाई विभाग को गंगनहर में गोताखोरों की व्यवस्था करने और सभी पुलों पर पानी की गहराई से सबधित सूचनाएं चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कावडियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को कावडियों के लिए चिकित्सा शिविर लगाने और शिविरों में खाद्य पदार्थों की चेकिंग की पूरी व्यवस्था देखने को कहा गया है।

### सेवा शिविर लगाएंगे

मेरठ। युवा ब्राह्मण समाज संगठन की सोमवार को कंकरखेडा स्थित बडा शिव मंदिर में बैठक हुई। बैठक में संगठन के लोगों ने हर साल की तरह इस बार भी कावड सेवा शिविर लगाने का निर्णय लिया, जिसका संयोजक राजू पहलवान और विजय शर्मा को बनाया गया। अध्यक्षता कृष्ण पाल शर्मा और संचालन बिल्लो पंडित ने किया। अशोक, रविदत्त, संजय, हरिशंकर, अश्वनी, जितेंद्र, भूपेंद्र समेत अन्य लोग शामिल थे।

मेरठ सोमवार, 14 जून 2010 मेरठ

हिन्दुस्तान 5

# काली नदी बचाने के लिए चिन्तन बैठक

हमारे संवाददाता

मेरठ

पर्यावरण और जल संवर्धन पर काम कर रही रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी ने रविवार को अक्षय पैलेस में बैठक करके काली नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर चिन्तन बैठक का आयोजन किया।

बैठक में विभिन्न समितियों को भी शमिल किया गया। सभी ने काली नदी में बढ़ रहे प्रदूषण पर गहरी चिंता जताई और उसे स्वच्छ बनाए जाने के उपायों पर चर्चा की। बैठक के मुख्य अतिथि पर्यावरण विश्लेपक देविन्दर सिंह ने कहा कि हमें सरकार से कोई उम्मीद न रखते हुए खुद ही आगे आकर इसे गंदा होने से बचाना होगा। इसके लिए व्यापक आन्दोलन के चलाने के साथ-साथ काली नदी के किनारे बसे गांव के लोगों को भी इसके लिए जागरुक करने की कवायद करनी होगी। निदेशक नवीन प्रधान ने कहा कि इसके गंदे पानी से लोग दम तोड़ रहे हैं और प्रशासन चैन की नींद सो रहा है। उन्होंने संस्था द्वारा किए गए कामों की सराहना की। वक्ताओं में जितेन्द्र अग्रवाल, राकेश इकलौता, धर्मेन्द्र तोमर और अजय शर्मा, रवि, गिरिश मोहन, कान्ती त्यागी, प्रवीन,सुन्दर सोनी, देवेन्द्र शर्मा, सुशील, सुदेश पाल व नगेन्द्र मौजूद रहे।

मेरठ, शुक्रवार, 2 जुलाई, 2010

डीएलए

# काली नदी की शाप मुक्ति को प्रयास

*DLA News*

मेरठ। काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए इसके किनारे बसे गांव के लोगों को जागरूक करने की कवायद शुरू हो गई है। नदी और इससे जुड़े लोगों को शॉपमुक्त करने के लिए रिसर्च एंड रिलीफ संस्था की ओर से गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे लोग सरकारी मदद की बजाय खुद ही नदी को प्रदूषण मुक्त करने का बीड़ा उठा सकें।

रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी की ओर से काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए दो वर्ष से अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन अब अभियान को तेजी देते हुए संस्था ने नदी किनारे बसे गांव के लोगों को जागरूक करने का प्रयास शुरू कर दिया है। संस्था के



रिसर्च एंड रिलीफ संस्था ने शुरू की ग्रामीणों को जागरूक करने की कवायद

प्रयासों के तहत ही अंतर्राष्ट्रीय नीति विश्लेषक देवेन्द्र शर्मा, जलपुरुष राजेन्द्र सिंह और अन्य पर्यावरणविदों को भी इससे जोड़ा जा रहा है। संस्था के निदेशक नवीन प्रधान ने बताया कि नदी किनारे बसे मेरठ औ मुजफ्फरनगर के 40 गांवों में काली नदी रक्षा समितियों का गठन किया गया है। इसी कड़ी में संस्था की ओर से 1 जुलाई को दौराला ब्लाक के इकलौता गांव में काली नदी रक्षा पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें इकलौता, अझौता, पनवाडी, घंजु, देदवा, जलालपुर और मैथना गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। पंचायत में नदी को प्रदूषण से बचाने पर चर्चा की गई। इस दौरान संकल्प लिया गया कि सरकारी मदद की बजाय खुद ही नदी को बचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। जितेन्द्र अग्रवाल, सत्यकाम समिति के निदेशक अजय शर्मा, राकेश इकलौता आदि ने भी संबोधित किया।

# रिसर्च एण्ड रिलीफ सोसाइटी द्वारा काली नदी रक्षा समिति का गठन किया

## प्रदूषण कार्यालय पर हंगामा, ताला जडा

मेरठ, ६ जुलाई (प्र)। रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी द्वारा काली नदी के जानलेवा प्रदूषण को देखते हुए इसे प्रदुषण मुक्त बनाने के लिये 'काली नदी रक्षा आन्दोलन' चला रखा है। इसके अन्तर्गत नदी के पूर्व किनारे बसे मेरठ के चालीस गांव में काली नदी रक्षा



समितियों को गठन किया गया है। इसी क्रम में सोसाइटी के प्रधान नवीन प्रधान के नेतृत्व में इकलौता, धन्जू, पत्तवाडी, मैथना,नंगला,मुख्तयारपुर, समौली, अझौता, बहचौला, देदुआ आदि गांवों के लोग पल्लवपुरम् स्थित प्रदूषण विभाग पहुंचे और उन्होने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। इस दौरान उन्होने कार्यालय पर ताला भी जड दिया।

प्रदर्शन करने वालों में मनीष चौधरी, धर्मेन्द्र तोमर,सन्त कुमार चौधरी,, राकेश इकलौता, ब्रहम्पाल पनवाडी, गिरीश त्यागी, ओमकार मैथना,देवन्द्र, पुनित, इन्द्रभूषण, नरेश कुमार, इन्द्रपाल, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

अमर उजाला । मेरठ, सोमवार, 14 जून, 2010

# 'काली नदी की दुर्दशा के लिए सरकारी नीतियां जिम्मेदार'

**दुखद**

**कभी जीवन दायिनी होती थी काली नदी**

मेरठ। काली नदी के लिए सरकार और उसकी नीतियां जिम्मेदार हैं, अगर काली नदी बचानी है तो आम जनता को ही आगे आना होगा। ये बातें रविवार को अक्षय पैलेस में आयोजित रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी की बैठक में कृषि मामलों के जानकार देवेंद्र शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि कभी जीवन दायिनी रही काली नदी आज कारखानों से निकलने वाले जहर को ढोने वाला नाला बनकर रह गया है। इसे बचाना है तो इसके किनारे बसे गांवों के लोगों को आगे आना होगा। इससे पहले सोसायटी के निदेशक नवीन प्रधान ने बताया कि सोसायटी ने नदी किनारे बसे मेरठ और मुजफ्फरनगर के करीब 40 गांवों में 'काली नदी रक्षा समिति' का गठन कर दिया है।

बैठक में सभी गांवों की समिति के सदस्यों को बुलाकर 'नदी बचाओ' आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सोसायटी की आगामी बैठक 26 जून को गांव औरंगाबाद में होगी। इस अवसर पर अजय शर्मा, संदीप लाटियान, गिरीश त्यागी, शेव फूड के जितेंद्र अग्रवाल, प्रवीण कुमार, रवि, राकेश और शांति त्यागी आदि शामिल रहे।

रठ महानगर

मेरठ, शुक्रवार 17 सितम्बर 2010

# बीमारी बांट रहा दूषित जल

## काली नदी के पास गांवों की स्थिति दयनीय, बीमारियों से जूझ रहे लोग

प्रगति सिंह

मेरठ (प्रभात)। आज देश ही नहीं पूरा संसार जल संकट के दौर से गुजर रहा है। दैनिक इस्तेमाल में पानी की समस्या का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व के 88 करोड़ से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल नहीं मिलता। अफ्रीका व एशिया में लोगों को पेयजल प्राप्त करने के लिए 6 से 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। देश में हर साल लाखों लोग पेयजल संबंधी बीमारियों से मरते हैं। प्रदूषित जल कैंसर, मस्तिष्क, किडनी, स्कीन, पेट संबंधी भयावह बीमारियां बांट रहा है। मेरठ समेत आसपास के कई गांवों में पिछले पांच-छह सालों से लोग जानलेवा बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। कुछ तो मौत का ग्रास भी बन चुके हैं।

कभी काली नदी किनारे बसे लोगों के लिए इसका पानी वरदान हुआ करता था, लेकिन आज यही भयंकर बीमारियां बांट रहा है। पिछले पांच सालों से काली नदी के आसपास बसे लोग पानी के रूप में आर्सेनिक, लैड, क्रोमियम, ब्रोमाइड, आयरन समेत अनेक हेवी मेटल्स पी रहे हैं। इसके चलते उन्हें कैंसर, टीवी, याददास्त कमजोरी, पेट व स्कीन संबंधी बीमारियों ने घेर लिया है। गैर-सरकारी संस्था जनहित फाउंडेशन, नीर फाउंडेशन और रिसर्च एंड रिलीफ संस्था ने काली नदी के आसपास, मेडिकल कालेज कैंपस, फूलबाग कालोनी, जाकिर कालोनी, शास्त्रीनगर, मोहनपुरी, जयभीम नगर, राजवंश विहार आदि क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाले पानी टेस्टिंग कराई, जिसमें लैड, केडमियम, क्रोमियम, आयरन, ब्रोमाइड आदि हेवी तत्वों की मात्रा अधिक पाई गई है।

### कैंसर को बुलावा दे रहा प्रदूषित जल

जनहित फाउंडेशन द्वारा प्रदूषित पानी की जांच के लिए मेरठ क्षेत्र के अलावा काली नदी पर बसे गांव की सैंपलिंग कराई है। संस्था निदेशक अनिता राणा ने बताया कि पिछले पांच-छह सालों से जय भीमनगर, मेडिकल कालेज, वाल्मीकि कि बस्ती के अलावा काली नदी के पानी से दर्जनों लोग कैंसर के शिकार हो मौत के मुंह में जा चुके हैं। वहीं रिसर्च एंड रिलीफ संस्था के अध्यक्ष नवीन प्रधान ने बताया कि पिछले पांच सालों में काली नदी किनारे बसे 9 लोग कैंसर जैसी भयावह बीमारी में मर चुके हैं। इसके अलावा लगभग 3200 लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं। होप हॉस्पिटल के एमबीबीएस डॉ. तनुराज सिरोही का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण के चलते पानी में लैड, आर्सेनिक, ब्रोमाइड, क्रोमियम, केडमियम आदि केमिकल पाए जा रहे हैं, जो मनुष्य को अंदर से खोखला कर बीमारियां बांट रहे हैं। वहीं आरजीपीजी कालेज की फूड एंड साइंस डिपार्टमेंट की हैड डॉ. सरोज शर्मा का कहना है कि पेयजल में हानिकार केमिकल मिलने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। लैड, आर्सेनिक, फ्लूराइड, केडमियम, क्रोमियम जैसे तत्व मनुष्य के लिए घातक हैं। लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए जागरूक करना होगा ताकि इन घातक बीमारियों से बचा जा सके।



### काली नदी से जुडे हैंडपंप की लैब रिपोर्ट

| सैंपल पानी | डब्लूएचओ मानक | जयभीमनगर | राजवंश विहार | वेदुआ गांव |
|---|---|---|---|---|
| लैड | 0.02 | .2 | .15 | 0.1 |
| केडमियम | 0.01 | .04 | .03 | 0.02 |
| क्रोमियम | 0.05 | .2 | .15 | 0.1 |
| आयरन | 1 | 4 | 5 | 3 |

नोटः रिसर्च एंड रिलीफ संस्था द्वारा रिपोर्ट वेव स्पेशियलिटी केमिकल लैब, ग्रेटर नोएडा से (जुलाई 2010 तक की है।)

### मेरठ और काली नदी से जुड़े हैंडपंप की रिपोर्ट

| पानी में भारी तत्व | मानक | मेडिकल | पुरी पेट्रोल पंप | फूलबाग | शास्त्रीनगर | मोहनपुरी | जाकिरकालोनी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रोमाइड | 0.01 | 0.68 | एनडी | 1.025 | 0.068 | 0.813 | 0.119 |
| क्लोराइड | 250 | 39.98 | 42.98 | 83.97 | 64-257 | 37.98 | 137.95 |
| फ्लूराइड | 1.0 | एनडी | 0.550 | 36.0 | 32 | 66.0 | 30.0 |
| आयरन | 0.3 | 0.001 | 0.425 | 1.007 | 0.017 | 0.177 | 0.009 |
| क्रोमियम | 0.05 | 0.001 | 0.003 | 0.014 | 0.017 | 0.005 | 0.079 |

नोटः आंकड़े यूएसइपीए द्वारा जनहित व नीर फाउंडेशन से उपलब्ध हैं।

# कमेले ने शहर की हवा में घोला जहर

अमर उजाला - 15 नवम्बर 10

## कमेला फैला रहा 120 गुणा प्रदूषण, बंद कराने और जमानत राशि जब्त करने का नोटिस

स्टाफ रिपोर्टर

मेरठ। हापुड़ रोड पर चल रहा कमेला मानक से 120 गुना अधिक प्रदूषण फैला रहा है। इसका खुलासा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्त रुख अपनाते हुए 28 अक्तूबर को नोटिस जारी कर कमेले को 15 दिन के अंदर जवाब देने को कहा है। जवाब न मिलने पर बोर्ड ने कमेला बंद करने और जमानत राशि जब्त करने की भी चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सचिव डा. सीएस भट्ट ने नगर निगम की पशु वधशाला को मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने के लिए नोटिस दिया है। बोर्ड अधिकारियों ने 11 अगस्त को कमेले के निरीक्षण में पाया था कि कटने वाले पशुओं की संख्या का कोई साक्ष्य नहीं है। कटान से होने वाले कई प्रकार के प्रदूषण का अलग-अलग स्तर 120 गुना से 30 गुना तक अधिक पाया गया। सचिव ने निगम को लिखे पत्र में कहा है कि पशुवध शाला से निकलने वाले वेस्टेज के शुद्धीकरण के लिए न तो कोई संयंत्र है और न ही फिल्टर।

पत्र में कहा गया है कि 8 जून 2010 को जिन शर्तों पर कमेला चलाने की अनुमति दी गई थी उसमें यह स्पष्ट उल्लेख था कि निगम इन सभी शर्तों का अनुपालन करेगा। शर्तों के अनुपालन की आख्या भी निगम ने नहीं की है। नाले में निस्तारित हो रहे प्रदूषित पानी से जन स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका पर भी सचिव ने स्पष्टीकरण मांगा है। इसमें कहा है कि क्यों न बोर्ड द्वारा निगम को 8 जून को जारी सहमति पत्र खारिज कर दिया जाए। सहमति पत्र की शर्तों का समयबद्ध अनुपालन न करने पर जमानत के रूप में दो लाख रुपये जब्त करने की भी बात कही गई है।

### कहना इनका

- नगर निगम को स्पष्टीकरण के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। नगर आयुक्त से स्पष्टीकरण मिलने के बाद संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। उसके बाद कार्रवाई होगी। *विवेक राय, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी*
- प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का पत्र मिला है। इसका अध्ययन करके रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। *डीके सिंह, आयुक्त नगर निगम मेरठ*

नगर निगम बोर्ड के आदेशों का उल्लंघन कर कमेला चल रहा है। 30 दिसंबर 2009 को बोर्ड ने कमेला बंद करने संबंधी प्रस्ताव पारित किया था। 30 मार्च 2010 को पुनः बोर्ड ने घोसीपुर में आधुनिक कमेले को बनाने संबंधी प्रस्ताव खारिज कर दिया था। कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा। *मधु गुर्जर महापौर मेरठ*

- यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कमेले को चलाने के लिए अनुमति देने और फिर नोटिस देने का खेल कई वर्षों से चल रहा है। निगम और प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी रिश्वत लेकर अनुमति देते हैं और निरस्त करते हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से जनता के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में नगर निगम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। *संदीप पहल, अधिवक्ता, अध्यक्ष सत्य संस्था*



कमेले के बाहर नाले का नजारा। *(फाइल फोटो)*

### सैंपल की टेस्ट रिपोर्ट

| | *मानक* | *पाई मात्रा मिग्रा प्रति लीटर* |
|---|---|---|
| बायोलॉजिकल आक्सीजन डिमांड | 30 | 3600 (बीओडी) |
| केमिकल आक्सीजन डिमांड | 250 | 7600 (सीओडी) |
| निलंबित ठोस - | 100 | 2210 |

### गुर्दे, पेट के गंभीर रोगों की आशंका

रिसर्च एंड रिलीफ के विनोद प्रधान ने बताया कि कमेले से निकलने वाला दूषित पानी ओडियन नाले से होता हुआ काली नदी में गिरता है। पानी में आक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है जिससे जलीय जीव मरने लगते हैं। अन्य रसायनों की अधिकता से पानी में कैल्शियम कार्बोनेट, सड़े मांस के लोथड़े और रक्त घुल जाते हैं। यह पेट के गंभीर रोग, गुर्दे और स्नायु तंत्र के लिए खतरनाक है। संस्था ने गत वर्ष काली नदी के साथ लगे कोल, भदोली, आढ़ गांवों का सर्वे किया था। इन्हीं प्रदूषित अवयवों की वजह यहां के 20 हजार से अधिक लोगों को गंभीर रोग थे। कई घरों में कैंसर के रोगी भी मिले थे।

अमरउजाला मेरठ, सोमवार, 8 मार्च, 2010

# 'काली नदी बचाने को जागरुकता जरुरी'

मेरठ। रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी द्वारा रविवार को चौधरी चरण सिंह विवि के बृहस्पति भवन में काली नदी रक्षा अभियान के अंतर्गत रिसर्च रिपोर्ट का विमोचन किया गया।




पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

सेमीनार का भी आयोजन किया गया।

रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के कार्यक्रम में पहले काली नदी की रिसर्च रिपोर्ट में बढ़ते प्रदूषण के कारण और किनारे बसे गांवों की स्थिति पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात आयोजित सेमीनार में मुख्य अतिथि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निदेशक एसआर मीणा ने काली नदी के दुष्प्रभाव का ग्रामीण विकास पर पड़ रहे असर की व्याख्या की। उन्होंने मामले को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री के समक्ष उठाने की घोषणा की। पर्यावरण निदेशालय के उपनिदेशक देवेन्द्र सिंह ने कहा कि नदी को बचाने के लिए जनता को जागरूक करने की आवश्यकता है। विवि वनस्पति विभाग की अध्यक्ष प्रो. वाई विमला ने कहा कि काली नदी न होकर गंदा नाला बन चुकी है। इससे उसके किनारे के पेड़ मर रहे हैं। अनिल रस्तोगी ने विषय की महत्ता को समझते हुए मानवता को बचाने का प्रयास बताया। रिसर्च एंड रिलीफ संस्था के निदेशक नवीन प्रधान ने संस्था द्वारा काली नदी को बचाने को लेकर किये जा रहे प्रयास की जानकारी दी। कहा कि संस्था काली नदी को स्वच्छ बनाकर ही दम लेगी। स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर हनीफ अहमद, अजय शर्मा, संदीप कुमार, संजय सागर, हितेश सेठी, पूजा सिंह, संदीप गोलियान, डॉ. यशवीर सिंह, डॉ. बीरपाल सिंह, डॉ. अशोक कुमार, धमेन्द्र तोमर मौजूद रहे।

# प्रदूषण के कारणों को तुरन्त समाप्त करने की बात कही

मेरठ, ८ मार्च (प्र)। रिसर्च एण्ड रिलीफ सोसायटी ने काली नदी रक्षा अभियान के अन्तर्गत काली नदी की रिसर्च रिपोर्ट का विमोचन किया। रिपोर्ट में काली नदी में बढ़ते प्रदूषण के कारण उसके किनारे बसे जाने। की स्थिति पर प्रकाश डाला गया है। मुख्य अतिथि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के निदेशक एस०आर०मीणा ने काली नदी के प्रष्प्रभाव का ग्रामीण विकास पर असर को परिभाषित करते हशुए बताया एक तरफ सरकार जहां ग्रामीण विकास पर ध्यान दे रही है वही दूसरी ओर इस प्रकार की स्थिति ग्रामीण विकास में बड़ी बाधा उत्पन्न कर रही है, अतः प्रदूषण के कारणों को तुरन्त समाप्त करेन की आवश्यकता है।

संख्या के निदेशक नवीन प्रधान ने संस्था द्वारा काली नदी को बचाने को लेकर किये जा रहे प्रयास को जानकारी दी। कार्यक्रम में हनीफ अहमद, अजय शर्मा, सन्दीप कुमार, धर्मेन्द्र तोमर, अवधेश शर्मा, नीटू, पुनीत कुमार आदि का सहयोग रहा।

## श्रीराम भण्डारे व
## भक्तों ने पूरा

मेरठ, ८ मार्च (प्र)। श्रीराम नवमी पर्व

19 फरवरी 2011

मेरठ जागरण
www.jagran.com

# आज हाइवे जाम करेंगे ग्रामीण

## काली नदी के जहर से जनता बेहाल, हालात विकराल

मोदीपुरम : काली नदी में घुलते काले जहर से क्षेत्र में हालात विकराल होते जा रहे हैं। क्षेत्र के कई गांवों में जहर ने अपना असर दिखा रहा है। अपंगता और पीलिया ने अपने पांव पसारने शुरू कर दिए हैं। इस हालात से लोगों में आक्रोश फैल चुका है। भाजपा समेत कई सामाजिक संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके तहत ग्रामीण आज हाइवे भी जाम करेंगे। इस जाम को भाजपा ने अपना समर्थन दे दिया है।

इकलौता गांव में रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी के अध्यक्ष नवीन प्रधान के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के सैकड़ों लोग एकत्र हुए। सभा को संबोधित करते हुए नवीन प्रधान ने कहा कि ग्रामीण दूषित पानी की वजह से कुष्ठ, चर्म रोग, विकलांगता आदि कई बीमारियों की चपेट में है। जिनको दैनिक जागरण में प्रमुखता से छापा गया। लेकिन सब कुछ देखते हुए भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का इलाज करना तो दूर, पीड़ितों को देखना भी उचित नहीं समझा।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के खिलाफ ग्रामीणों ने विचार रखे। साथ ही एक कमेटी गठित की। जिसमें शनिवार को दर्जनों गांव के लोगों ने हाइवे जाम करने का निर्णय लिया। उपेन्द्र सिंह भराला ने कहा कि दौराला ब्लॉक के देदवा, नंगला, भराला, पनवाड़ी आदि दर्जनों गांवों में जहरीले पानी पीने से लोग बीमारी से ग्रसित है। रविन्द्र सिंह इकलौता ने सीएमओ के गांव में न पहुंचने पर चिंता जताई गई।

- आंदोलन को भाजपा ने भी दिया समर्थन
- स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में उबाल
- जागरण ने उठाया था जहर में घुलती जिंदगी का मामला

### भाजपा विधानसभा मे उठाएगी मुद्दा

मोदीपुरमः भाजपा विधायक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की बात कही है। पार्टी इसके लिये व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। पूर्व विधायक विजयपाल तोमर ने बताया कि 1991 में उन्होंने विधानसभा में इस मुददे को उठाया था। आश्वासन समिति बनी थी और समिति ने मेरठ में दौरा कर तय किया गया था कि डिस्टलरी का पानी काली नदी में नहीं जायेगा लेकिन कुछ दिन बाद ही पानी काली नदी में फिर छोड़ा जाने लगा। शनिवार को लगाए जाने वाले जाम में भी भाजपा भाग लेगी।

### इनको सौंपी जिम्मेदारी

| | |
|---|---|
| मैथना | आनन्द, रणवीर, सुखपाल, ओमकार |
| नंगला | नरेश चौधरी |
| इकलौता | राकेश, सत्यकुमार |
| भराला | उपेन्द्र सिंह भराला |
| देदवा | मनोज कुमार उर्फ मौजी |
| पनवाड़ी | ब्रहामपाल सिंह |
| खेड़ी | सतपाल सिंह, रवि |
| समोली | परवेश |

वहीं ग्रामीणों में नेताओं के प्रति भी रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक, सांसद ग्रामीणों की समस्या नहीं उठा पाये। इस मौके पर बैठक में संजय कुमार, कृष्णपाल, सत्य कुमार चौधरी, लखवीर सिंह, पंडित गंगाधर शर्मा, सैंसर पाल इकलौता, चौधरी सतपाल सिंह समेत आदि ग्रामीण मौजूद थे।

"जाम को लेकर संबंधित थानों को सतर्कता बरतने के आदेश दे दिए गए हैं। कहीं पर भी अराजक स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। ग्रामीणों से इस संबंध में बात करेंगे।"
*जय नारायण सिंह, डीआईजी*

### इकलौता गांव पर काले जहर का असर

मोदीपुरम : काली नदी के जहर ने एक और गांव इकलौता को भी भयंकर बीमारियों से डस लिया है। गांव में दो दर्जन से अधिक परिवार पीलिया और अपंगता से पीड़ित है। गांव में हर मोड़ पर दिख रही है तो अपंगता और पीलिया रोग। हर दूसरे घर में पीलिया ने अपने पैर जमा रखे है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नही खुली है। 26 साल की रेनू को सालों से पीलिया ने जकड़ रखा है। 30 साल के नीरज को भी पीलिया है। दो साल के विशाल को मां के कोख से ही पीलिया ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। मेरठ के हर अस्पताल में परीक्षण करवा लिया लेकिन रोग दूर नही हो सका। इसके अलावा गांव में चर्म रोग की भी कमी नहीं है। अपंगता यहां तो लंबे समय से चली आ रही है। ऐसे कई लोग है जिन्हें प्रदूषित पानी ने जन्म से ही अपंग बना दिया है।

### तो बसपा नेताओं को गांव में घुसने न देंगे

मोदीपुरम : काली नदी में घुलते जहर को लेकर ग्रामीण आर पार की लड़ाई करने पर उतर आए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विधान सभा चुनाव से पहले नदी में नहर का पानी नहीं छोड़ा गया तो किसी भी बसपा नेता को गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के अध्यक्ष नवीन प्रधान के साथ बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गांव में लंबे समय से दौराला फैक्ट्रियों के रसायन युक्त पानी के कारण बीमारियां फैल रही है।

TIMES CITY
THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI / MEERUT | MONDAY, AUGUST 4, 2014

OF CHILDREN, SAYS

AZAM KHAN IN WAR OF WORDS WITH CLERIC OVER WAQF BOARD POLLS | 4



# Meerut on brink of acute water crisis

## Groundwater Level Falls By 68 Cm Each Year, Situation To Get Worst By 2030

Sandeep.Rai@timesgroup.com

**Meerut:** Fear of an acute water crisis looms large over the city of Meerut due to the continued exploitation of groundwater. "The groundwater table is receding at an annual rate of 68 cm. This is really scary because if we continue at this pace, Meerut will suffer from acute water crisis by 2030," says Sukesh Sahani, vgeophysicist at Meerut groundwater department.

According to the data provided by the groundwater department, three of the 12 blocks in the Meerut district fall in the 'semi critical' category, one in the 'critical' category while one block, Rajpura, falls under the 'over exploited' category.

Rajpura, which covers large parts in the eastern side of urban Meerut, is experiencing an annual decrease of 89 cm in the groundwater level according to D K Tyagi, surveyor, groundwater department. Ideally, the amount of groundwater extracted should be restored through harvesting. In many blocks like Janikhurd, Rohta, Parikshitgarh and Sardhana, which fall under the 'safe' category, this holds true and the amount of water harvested is more than the amount extracted. In Janikhurd, the volume of water extracted is 4,774.15 hectare meter whereas the recharge is 12515 hectare meter. In Rajpura however, the volume of water extracted is 5,164 hectare meter whereas only 4,583 hectare meter is recharged.

The majority of the population resides in the urban areas and situation of groundwater there is alarming. "The situation is grim. Masses are insensitive towards groundwater. Every home has a submersible pump installed that extracts thousands of gallons of water on a regular basis. Slaughter houses consume huge amounts of groundwater and so do industries, car service stations and hospitals. Groundwater actually is the major source for drinking water and it is depleting at the alarming rate. Even the government is not paying heed to the impending crisis. It must ensure that every building is equipped with water harvesting systems. But who cares?" says N D Sharma, field assistant groundwater department.

Few government offices were fitted with water harvesting systems but due to lack of maintenance, they are currently defunct. Anita Rana, director of Janhit Foundation, an NGO dedicated towards conserving water, says, "About two years ago, we had installed a water harvesting system at Mahila thana but over time, due to lack of maintenance, it went defunct. People actually don't care and need to be sensitized towards conserving water."

As per government records, Meerut city has 13 ponds whereas on ground, there is none. These ponds at one point of time helped replenish groundwater but these were encroached upon by general public and land mafia. Another problem is that the upper most layer of groundwater has been rendered unfit for drinking.

Navin Pradhan, director, Research and Relief Society, says, "Thanks to pollutants, the upper most layer of groundwater cannot be consumed for drinking purposes. Effluents from industries and slaughter houses have contaminated the water."

He claims that the condition of the areas around Kali Nadi, which carries effluents from dye units, distilleries and paper mills, is worse as the contamination has spread five kilometers on each side of the river. Many people residing close to the river are suffering from various skin diseases.

### RECEEDING LIFELINE

**Fall in groundwater table between 2004 and 2014**



| Block | 2004 | 2014 |
|---|---|---|
| Meerut City | 10.85 | 16.68 |
| Rajpura | 10.90 | 17.72 |
| Kharkhoda | 11.24 | 17.16 |
| Machchra | 6.42 | 11.37 |
| Mawana | 5.35 | 8.21 |
| Hastinapur | 7.34 | 10.0 |

Figures in metres below the ground level

**Out of 12 blocks in Meerut district, three fall under the 'semi critical' category, one has been included in the 'critical' category while another block, Rajpura, has been listed under the 'over-exploited' category. The situation is grim in the urban areas of the district**

नेशनल दुनिया 04
बुधवार • 04 सितंबर 2013

### नदी किनारे बसे गांवों का पेयजल प्रदूषित, प्रशासन ने दी पानी नहीं पीने की चेतावनी

# सैकड़ों गांवों के लिए अभिशाप काली का पानी

नेशनल दुनिया

**मेरठ।** कभी अपने पानी से सैकड़ों गांवों के लोगों की प्यास बुझाने वाली काली नदी इस कदर प्रदूषित हो चुकी है कि इसके किनारे बसे सैकड़ों गांवों का पेयजल जहर बन चुका है। लोग इसे पीकर बीमार पड़ रहे हैं। शासन प्रशासन सब देखकर भी अनजान है, और लोग बेबस।

जानसठ तहसील के अंतवाड़ा गांव से शुरू हुई काली नदी को टेढ़ी मेढ़ी चाल के कारण नागिन भी कहा जाता है। कभी मेरठ से गुजरने के दौरान यह अपने किनारे बसे गांवों में हरियाली का पर्याय थी। लोग इसके पानी से सिंचाई के साथ-साथ कहीं-कहीं पीने में भी इस्तेमाल करते थे। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, नदी किनारे बसे नंगला गांव के बुजुर्ग रामपाल बताते हैं कि लगभग तीस साल पहले तक नदी का पानी बिल्कुल साफ था। उस समय इतनी गंदगी नहीं थी। इसमें मछलियों की अच्छी खासी तादात थी। लेकिन हमारी आंखों के सामने देखते ही देखते यह अपना अस्तित्व खो बैठी। आलम ये है कि नदी के पानी से भूमिगत जल भी पूरी तरह दूषित हो चुका है। अब तो गांव के नलों से पानी पीने में भी डर लगता है।





प्रदूषण की शिकार काली नदी, दूसरे चित्र में हैंडपंप का पानी भी पीने योग्य नहीं।

## दी हैंडपंप का पानी न पीने की चेतावनी

'यह पानी पीने लायक नहीं है' खरखौदा क्षेत्र के कोल गांव में प्रशासन की ओर से सभी हैंडपंपों का पानी पीने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है। इसके लिए बकायदा नल पर 'यह पानी पीने लायक नहीं है' के अलावा गांव में जगह जगह 'केवल टंकियों का पानी प्रयोग करें, हैंडपंप का नहीं' की सूचना लिखवा दी गई है। शायद इसी से प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी हो गई है। गांव निवासी अशोक कहते हैं कि प्रशासन ने गांव में टंकी तो लगवा दी लेकिन वह कभी चलती है कभी नहीं। मजबूरी में नलों का पानी पीना पड़ता है जो किसी जहर से कम नहीं है। वह सवाल करते हैं कि प्रशासन नदी की साफ-सफाई के बारे में क्यों नहीं सोचता। इससे हमारे साथ अन्य गांवों की समस्या भी दूर हो जाएगी। कुछ ऐसी ही समस्या नदी से जुड़े अन्य गांवों की भी है।

## जहरीला हुआ नदी का जल

काली नदी पर व्यापक शोध करने वाले रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के नवीन प्रधान बताते हैं कि कुछ समय पहले नदी के जल पर शोध किया गया था। जिसमें इसका पानी सामान्य से सैकड़ों गुणा दूषित पाया गया था, ऑक्सीजन इसमें बचा चुका नहीं है। इसका मतलब है कि इसमें किसी जीव जंतु के पनपने की सभी संभावनाएं खत्म हो जाती हैं।

### नदी में मौजूद हानिकारक पदार्थ डब्ल्यूएचओ के मानक

लेड : .20 .02
कोडमियम .09 .01
क्रोमियम .19 .05
आइरनल 8.0 1.0

### 12 सौ गांवों का है संपर्क

अंतवाड़ा से चलकर काली नदी कन्नौज तक लगभग 300 किलोमीटर का सफर तय करती है। इस दौरान 12 सौ के करीब गांवों के अलावा यह मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, फर्रुखाबाद आदि शहरों से गुजरती है। कन्नौज पहुंचकर यह सदानीरा गंगा में समाहित हो जाती है। इसी के साथ इसमें मौजूद दुनियाभर की गंदगी गंगा के जल को भी दूषित करती है।

# सूरजकुंड बचाने आईं संस्थाएं

## ऐतिहासिक सूरजकुंड सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए नीर फाउंडेशन ने तैयार किया प्रोजेक्ट, 17 मार्च की बैठक में दिखाया जाएगा प्लान

**कार्यालय संवाददाता**

मेरठ




**तालाब नहीं, कुंड है यह**

मानव निर्मित पानी के भंडारगृह को तालाब और प्राकृतिक तौर से बने स्रोत को कुंड कहा जाता है। इस मायने में सूरजकुंड का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है क्योंकि यह मानव निर्मित नहीं बल्कि प्राकृतिक तौर पर बना कुंड है।

सूरजकुंड सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए नीर फाउंडेशन ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। इस प्रोजेक्ट में सरोवर के इतिहास, अतीत और भविष्य की रूपरेखा दिखाई जाएगी। 17 मार्च को सरोवर के लिए होने जा रही शहर के प्रबुद्ध लोगों की बैठक में प्रोजेक्टर पर यह प्लान दिखाया जाएगा। समाज की सहमति के बाद इसे जिला प्रशासन, नगर निगम और एमडीए को सौंपा जाएगा।

ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के सूरजकुंड सरोवर का जीर्णोद्धार करने और इसे ईको सेंटर में तब्दील करने की शहर की मुहिम लगातार आगे बढ़ रही है। कई एनजीओ और समाजसेवी इसके लिए आगे आ रहे हैं। नीर फाउंडेशन के निदेशक रमन त्यागी ने इतिहासविद डॉ. देवेश शर्मा के साथ मंथन कर सूरजकुंड के ऐतिहासिक महत्व पर तथ्य एकत्र किए हैं। रमन का कहना है कि शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट्स डेवलप कर उन्हें सूरजकुंड से जोड़ दिया जाए तो रीचार्ज की दिक्कत खत्म हो जाएगी। उन्होंने सूरजकुंड के अतीत, वर्तमान और ईको सेंटर के रूप में डेवलप होने के बाद की स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। रमन कहते हैं कि सूरजकुंड के बाद अगले चरण में शहर में 40 हेक्टेयर में बने सभी तालाबों को जिंदा करने की मुहिम छेड़ी जाएगी।

रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के निदेशक नवीन प्रधान ने भी इस मुहिम में समाज के साथ कदम मिलाने और पहल करने की बात कही है। नवीन कहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए धरती का पेट भरना जरूरी है और यह केवल तालाबों को रीचार्ज करने से ही संभव है। वरिष्ठ रालोद नेता डॉ. राजकुमार सांगवान कहते हैं कि 17 मार्च को शहर के प्रबुद्ध लोगों के साथ सूरजकुंड के भावी स्वरूप पर मंथन किया जाएगा और इसके बाद तय किया जाएगा कि इसका स्वरूप क्या हो और यह कैसे किया जाए। समाज की राय से प्रशासनिक अफसरों को अवगत कराया जाएगा। प्रशासन के साथ तालमेल के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।

आलोक सिसौदिया कहते हैं कि हमें समाज के फैसले पर ही अमल करना होगा। प्रशासनिक मशीनरी तो एक बार सूरजकुंड को बेचने की साजिश कर चुकी है, जबकि एक बार सरोवर का अस्तित्व खत्म कर वहां पार्क बना दिया गया। ऐसे में समाज का फैसला ही अहम है। महाभारत सर्किट योजना योजना के सदस्य डॉ. देवेश शर्मा कहते हैं कि अगर प्रशासनिक मशीनरी एक बार गलत कदम उठा ले तो समाज की भावनाओं और वैज्ञानिक तर्कों के आधार पर उसे सुधारा भी जाना चाहिए। डॉ. देवेश शर्मा ने कहा कि वह सूरजकुंड सरोवर को जिंदा करने की मुहिम में हर योगदान देने के लिए तैयार हैं।

# ...तो पानी के लिए तरस जाएंगे मेरठवासी

## जिले के पांच ब्लॉक हो सकते हैं क्रिटिकल स्थिति में, तेजी से कम हो रहा भूजल स्तर

**कार्यालय संवाददाता**

मेरठ

पूरब में गंगा है, पश्चिम में हिंडन, बीच से काली नदी भी बहती है और गंगा यमुना दोआब वाले इस इलाके में रजवाहों और नहरों की सात सौ किमी लंबी शृंखला भी मौजूद है। बावजूद इसके मेरठ में जमीन के नीचे पानी तेजी से कम होता जा रहा है। मौजूदा हालात नहीं सुधरे तो जपनद के मेरठ, रजपुरा, दौराला, मवाना और खरखौदा ब्लॉक भूजल के लिहाज से क्रिटिकल घोषित हो जाएंगे। फिलहाल इन ब्लॉकों में कुल उपलब्ध भूजल के अस्सी फीसदी से ज्यादा का दोहन किया जा रहा है।

भूगर्भ जल विभाग मेरठ के आंकड़े बताते हैं कि हस्तिनापुर, रजपुरा और परीक्षितगढ़ में भूजल की गिरावट 1 से 5 सेमी प्रति वर्ष है। सरधना और खरखौदा ब्लॉक में 5 से 10 सेमी प्रति वर्ष की दर से पानी घट रहा है। वहीं दौराला और माछरा में भूजल की गिरावट का दर 10 से 20 सेमी प्रति वर्ष है।

इन दिनों मेरठ भूगर्भ जल विभाग नई वाटर बैलेंस रिपोर्ट बनाने में जुटा है। नई रिपोर्ट के जारी होने तक मेरठ के चार से पांच ब्लॉकों को क्रिटिकल श्रेणी में डाला जा सकता है। वेस्ट यूपी में फिलहाल बागपत में ही क्रिटिकल और अति दोहित श्रेणी के ब्लॉक हैं। बागपत ब्लॉक को सेमी क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है। बागपत के पिलाना में हर साल 15 सेमी, बिनौली में 72 सेमी, खेकड़ा और बागपत में 32 सेमी और छपरौली में 24 सेमी जलस्तर नीचे गिर रहा है। संयुक्त राष्ट्र 22 मार्च को विश्व जल दिवस मना रहा है। इसकी थीम 'क्लीन वाटर फॉर ए हेल्दी वर्ल्ड' रखा है।

■ बिन पानी सब सून देखें पेज-2

### विश्व जल दिवस आज



**भूजल दोहन**

- मेरठ में वार्षिक भूजल उपलब्धता- 120667.64 हेक्टेयर मीटर
- वार्षिक भूजल दोहन - 78354.81 हेक्टेयर मीटर

### मेरठ जनपद में भू-जल

| ब्लॉक | 1991 | 2007 |
|---|---|---|
| मेरठ | 8.94 | 10.87 |
| जानीखुर्द | 4.05 | 5.85 |
| रजपुरा | 10.40 | 13.01 |
| रोहटा | 8.19 | 7.58 |
| खरखौदा | 11.79 | 12.76 |
| माछरा | 6.51 | 7.95 |
| मवाना | 6.20 | 6.63 |
| हस्तिनापुर | 6.95 | 8.48 |
| परीक्षितगढ़ | 5.91 | 7.78 |
| दौराला | 6.25 | 7.88 |
| सरधना | 3.66 | 4.38 |
| सरूरपुर खुर्द | 9.14 | 8.60 |

■ प्री-मानसून जलस्तर। गहराई मीटर में

8 | दैनिक जागरण मेरठ, 25 अगस्त 2015

# कांग्रेस ने अखिलेश सरकार का पुतला फूंका



मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते कांग्रेसी। जागरण

मेरठ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मेरठ की महानगर इकाई ने सोमवार को तहसील स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का पुतला दहन किया। कांग्रेसियों का आरोप था कि अखिलेश सरकार के राज में लगातार कमर तोड़ महंगाई बढ़ रही है। लूट, हत्या, डकैती की घटनाओं की बाढ़ आ गई है। कांग्रेसियों ने सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति इनके नेताओं की सोच जाहिर करती है कि वे महिला सुरक्षा को लेकर कितना गंभीर हैं। कांग्रेसी कार्यकर्ता तहसील पर महानगर कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार किशनी की अगुवाई में प्रदर्शन करने पहुंचे थे। उनके साथ मेरठ प्रभारी तारिक कुरैशी, डा. मेराजुद्दीन, डा. यूसुफ कुरैशी, दिनेश अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र पंजाबी, श्याम सुन्दर गुप्ता, मनजीत सिंह कोछड़, डा. दिनेश मोहन शर्मा, रमन शर्मा, अनिरुद्ध त्यागी, महिला अध्यक्ष संजीदा खान, नसीरुद्दीन, हरिकिशन वर्मा, सलीमुद्दीन शाह, अखिल कौशिक आदि ने हिस्सा लिया।

# नवीन प्रधान ग्रीन एप्पल अवार्ड के लिए चयनित



नवीन प्रधान।

मेरठ: रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के निदेशक नवीन प्रधान को इंटरनेशनल ग्रीन एप्पल अवार्ड के लिए चुना गया है। यह पुरस्कार आगामी 16 नवम्बर-15 को हाउस ऑफ पार्लियामेंट लंदन में इंग्लैंड के लेबर लीडर लिज केंड्र द्वारा प्रदान किया जाएगा। दुनियाभर से प्राप्त पांच सौ प्रविष्टियों में से संस्था के निदेशक नवीन प्रधान को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इंग्लैंड के ग्रीन ऑर्गेनाइजेशन ने पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए जैविक विधि से फसलों में कीट नियंत्रण के कार्य को देखते हुए निदेशक को चुना है।

# जरूरतमंदों को 53.96 लाख की मदद सौंपी



चेक वितरण करते मंत्री शहीद मंजूर व जिलाधिकारी पंकज यादव। जागरण

मेरठ: बचत भवन में आम आदमी बीमा योजना व अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्र श्रम एवं सेवायोजन मंत्री शाहिद मंजूर द्वारा वितरित किए गए। कुल 53 लाख 96 हजार के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर श्रम मंत्री शाहिद मंजूर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों लाभार्थीपरक योजनाएं चलाई जा रही हैं। योजना का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

अमर उजाला
सोमवार । 1 जून 2015
06

## काली नदी को प्रदूषण मुक्त कराएं

मेरठ। रिसर्च एंड रिलीफ सोसाइटी के निदेशक और काली नदी रक्षा आंदोलन के संयोजक नवीन प्रधान ने केंद्रीय मंत्री उमा भारती को ज्ञापन देकर नदी को स्वच्छ और प्रदूषण से बचाने के लिए प्रदूषण मुक्त करने की मांग की गई।

मंगलवार । 25 अगस्त 2015

My City LIVE

# नवीन प्रधान को ग्रीन एप्पल अवार्ड



मेरठ। रिसर्च एंड रिलीफ सोसायटी के निदेशक नवीन प्रधान को ग्रीन एप्पल अवार्ड के लिए चुना गया है। बारह सालों से संस्था पर्यावरण संरक्षण की दिश में कार्य कर रही है। पुरस्कार 16 नवंबर 2015 को हाउस ऑफ पार्लियामेंट लंदन में इंग्लैंड के लेबर लीडर लिज कैं डल प्रदान करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्लेशक देविन्दर शर्मा, डॉ. अमित पाठक, अजय शर्मा, कोड़ीहेली चंद्रशेखर, बैनी एंटोनी, बलवीर सिंह राजेवाल, सोनाक्षी यादव, देवेंद्र सिंह ने बधाई दी।

# काली नदी समिति ने किया प्रदर्शन

## शुगर मिल से फैल रहा प्रदूषण, जताया रोष

दौराला (प्रभात)। रिचर्स एंड रिलीफ संस्था के तत्वावधान में काली नदी समिति के क्षेत्रीय लोगों ने शुगर मिल से निकल रहे केमिकल्स और अन्य रसायनों का विरोध करते हुए धरना-प्रदर्शन किया।

काली नदी समिति दौराला चौराहे से नारेबाजी करते हुए शुगर फैक्ट्री के गेट पर पहुंची, जहां पर शुगर मिल के महाप्रबंधक एके जैन से दौराला शुगर, केमिकल व आर्गेनिक ने क्षेत्र में हो रहे प्रदूषित पानी के बारे में जानकारी मांगी।

महाप्रबंधक ने बताया कि दौराला यूनिट से क्षेत्र में किसी तरह का प्रदूषण नहीं फैलाया जा रहा है। दौराला फैक्ट्री में प्रदूषित पानी को ट्रीट करने का अपना एक ट्रीट मैन्ट प्लांट है। केन मैनेजर संजीव तोमर ने कहा कि हम समय-समय पर पानी के सैम्पल कराते रहते हैं। यहां का पानी किसी भी तरह सुरक्षित नहीं है। संस्था के लोगों का जगत सिंह, योगेश, पं. देवानन्द, रामबीर, देशपाल, हरीश आदि सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे। संस्था के लोगों ने पुलिस के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय पाल तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष विमल शर्मा, लोकदल के नेतृत्व में लोगों ने ज़ीटी रोड दौराला पर जाम लगाया गया। वहीं काली नदी समिति के अध्यक्ष राकेश इकलौता, रिचर्स एंड रिलीज संस्था के अध्यक्ष नवीन प्रधान गंगसौना का कहना है कि हम दौराला मिल के प्रबन्धन द्वारा बतायी गई बातों से सन्तुष्ट हैं।